**Series RSH/1/C**

कोड नं. **32/1/1**

**Code No.**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13 + 1** मानचित्र है ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **13** printed pages **+ 1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# संकलित परीक्षा – II

# SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **9** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **10** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **22** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **30** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **5** अंक का है (**2** अंक इतिहास तथा **3** अंक भूगोल) ।*

*(vii)* *भरे हुए मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के अन्दर संलग्न कीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **9** are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *Questions from serial number **10** to **21** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **22** to **29** are **5** marks questions. Answer of these questions should not exceed **120** words each.*

*(vi)* *Question number **30** is a map question of **5** marks (**2** marks from History and **3** marks from Geography).*

*(vii)* *Attach the filled up map inside your answer-book.*

1. निम्नलिखित में से राष्ट्र राज्य को कौन परिभाषित करता है ? *1*

(A) एक निर्धारित क्षेत्र पर नियंत्रण करने वाली केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था

(B) एक राज्य जिसके बहुसंख्यक नागरिक और प्रशासक समान पहचान की भावना विकसित करते हैं

(C) एक राज्य जहाँ लोग अपने नेताओं को चुनने का अधिकार रखते थे

(D) समाजवाद के सिद्धान्त का अनुसरण करने वाला एक राज्य

**अथवा**

फ्रान्सीसियों द्वारा वियतनाम में उपनिवेशीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य कारण था ? *1*

(A) उनके उद्योगों के लिए कच्चे माल की आवश्यकता

(B) फ्रान्स में श्रम की आवश्यकता

(C) वियतनाम की संस्कृति को नया रूप देना

(D) वियतनाम में आधारभूत संरचना विकसित करना

Which among the following defines a nation state ?

(A) Centralized power controlling a defined territory

(B) A state in which majority of its citizens and rulers develop a sense of common identity

(C) A state where people had a right to elect their leaders

(D) A state following the principle of socialism

**OR**

Which one of the following was the main reason for colonization in Vietnam by the French ?

(A) Need of raw material for their industries

(B) Need of labour in France

(C) To reshape the culture of Vietnam

(D) To develop infrastructure in Vietnam

2. असहयोग आंदोलन के दौरान आन्ध्र प्रदेश से निम्नलिखित में से किसने जनजातियों के विद्रोह का नेतृत्व किया ? *1*

(A) अल्लूरी सीताराम राजू

(B) बाला रामचन्द्र

(C) अब्दुल गफ़्फार खाँ

(D) एम.आर. जयकर

Who among the following led the tribal revolt from Andhra Pradesh during Non Co-operation Movement ?

(A) Alluri Sitaram Raju

(B) Bala Ramachandra

(C) Abdul Ghaffar Khan

(D) M.R. Jayakar

3. स्वामित्व के आधार पर, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड निम्नलिखित में से किस वर्ग के अन्तर्गत आती है ? *1*

(A) निजी क्षेत्र

(B) सार्वजनिक क्षेत्र

(C) संयुक्त क्षेत्र

(D) सहकारी क्षेत्र

On the basis of ownership, under which category does Bharat Heavy Electricals Limited fall ?

(A) Private sector

(B) Public sector

(C) Joint sector

(D) Co-operative sector

4. निम्नलिखित कानूनों में से कौन-सा लोकतंत्र के रखवाले के रूप में लोगों को शक्ति प्रदान करता है ? *1*

(A) मत पाने का अधिकार

(B) सूचना का अधिकार

(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(D) संवैधानिक उपचार का अधिकार

Which one of the following laws empowers people to act as a watch-dog of democracy ?

(A) Right to vote

(B) Right to information

(C) Right against exploitation

(D) Right to constitutional remedies

5. राजनीतिक दल और दबाव समूह एक-दूसरे से निम्नलिखित आधारों में से किस आधार पर भिन्न हैं ? *1*

(A) संगठन

(B) उद्देश्य

(C) विधि

(D) चुनाव लड़ना

Political parties and pressure groups are different from each other on which of the following grounds ?

(A) Organization

(B) Objective

(C) Method

(D) Contesting election

6. निम्नलिखित तर्कों में से कौन-सा लोकतंत्र के पक्ष में ***नहीं*** है ? *1*

(A) लोकतांत्रिक सरकार लोगों के प्रति अधिक उत्तरदायी है

(B) लोकतंत्र व्यवस्था लोगों को सरकार बदलने का अवसर प्रदान करती है

(C) लोकतांत्रिक देश अन्य देशों की अपेक्षा अधिक सम्पन्न होते हैं

(D) लोकतंत्र में लोग स्वतंत्र और समान होते हैं

Which one of the following arguments is ***not*** in favour of democracy ?

(A) Democratic government is more accountable to the people

(B) Democracy gives opportunity to the people to change the government

(C) Democratic countries are more prosperous than others

(D) People are free and equal in democracy

7. निम्नलिखित में से किसको ऋण की शर्तों के अन्तर्गत शामिल ***नहीं*** किया जाता है ? *1*

(A) समर्थक ऋणाधार

(B) प्रलेखन

(C) ब्याज दर

(D) बीमा

Which one of the following is ***not*** included under terms of credit ?

(A) Collateral

(B) Documentation

(C) Interest rate

(D) Insurance

8. निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्यतः व्यापार अवरोधों को हटाने से सम्बन्धित है ? *1*

(A) निजीकरण

(B) वैश्वीकरण

(C) उदारीकरण

(D) बाह्यस्रोतन

Which one of the following is mainly related to removal of trade barriers ?

(A) Privatization

(B) Globalization

(C) Liberalization

(D) Outsourcing

9. निम्नलिखित उपभोक्ता अधिकारों में से, किसके अन्तर्गत कोई व्यक्ति उपभोक्ता न्यायालय जा सकता है ? *1*

(A) चुनने का अधिकार

(B) प्रतिनिधित्व करने का अधिकार

(C) क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार

(D) सूचना पाने का अधिकार

Under which one of the following consumer rights can a person approach the consumer court ?

(A) Right to choose

(B) Right to represent

(C) Right to seek redressal

(D) Right to be informed

10. फ्रान्सीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन उपायों का उल्लेख कीजिए । *3×1=3*

**अथवा**

वियतनामियों को पश्चिमी शैली को अपनाने के लिए टोंकिन फ्री स्कूल द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन उपायों का उल्लेख कीजिए । *3×1=3*

Mention any three measures adopted by the French revolutionaries to create a sense of collective identity among the French people.

**OR**

State any three steps that were taken by the Tonkin Free School to westernise the Vietnamese.

11. सत्याग्रह का कौन-सा सिद्धान्त आधुनिक दुनिया के संघर्षों को हल करने में आज भी प्रासंगिक है ? दो कारण दीजिए । *1+2=3*

Which principle of satyagraha is relevant today also in solving the conflicts of the modern day world ? Give two reasons.

12. बागानी मज़दूरों ने असहयोग आन्दोलन में क्यों भाग लिया ? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Why did the plantation workers participate in the Non-Co-operation Movement ? Explain any three reasons.

13. सीमान्त सड़कें किन्हें कहते हैं ? उनकी महत्ता लिखिए । *1+2=3*

What are the Border roads ? Write their importance.

14. भारत में जनसंचार के क्षेत्र में हुए किन्हीं तीन प्रमुख विकासों की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

Explain any three major developments that have taken place in the field of mass communication in India.

15. खनिजों के सतत पोषणीय उपयोग से जुड़े किन्हीं तीन मूल्यों की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

Explain any three values attached with the use of minerals in a sustainable manner.

16. 'दबाव समूहों' और 'आंदोलनकारी समूहों' में उदाहरणों सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Distinguish between 'pressure groups' and 'movement groups' with examples.

17. विस्तार की चुनौती पर सफलता पाने के लिए किन्हीं तीन उपायों की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

Explain any three measures to overcome the challenge of expansion.

18. "भारतीय राजनीतिक दलों के कुशल कार्यान्वयन के लिए आन्तरिक लोकतंत्र का न होना, एक चुनौती है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3×1=3*

"Lack of internal democracy is a challenge to the efficient functioning of Indian political parties." Support the statement with examples.

19. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (कोपरा) के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के मामलों के निवारण के लिए किए गए प्रावधान का वर्णन कीजिए । *3*

Describe the provision made under Consumer Protection Act, 1986 (COPRA) for redressal of consumer disputes.

20. विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain any three steps taken by the Indian Government to attract foreign investment.

21. साख किसे कहते हैं ? इसका क्या महत्त्व है ? $1+2=3$

What is credit ? What is its importance ?

22. स्वतंत्रता के लिए वियतनाम के संघर्ष में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । 5

**अथवा**

"ज्युसेपे मेत्सिनी और मुख्य मंत्री कावूर ने इटली के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की ।" इस कथन की समीक्षा कीजिए । 5

Analyse the role of women in the Vietnamese struggle for independence.

**OR**

'Giuseppe Mazzini and the Chief Minister Cavour have played a major role in unification of Italy.' Justify the statement.

23. भारत-माता की छवि को विभिन्न रूपों में विभिन्न कलाकारों द्वारा चित्रित किए जाने ने भारतवासियों में राष्ट्रवाद की भावना की आस्था पैदा करने में किस प्रकार मदद की ? स्पष्ट कीजिए । 5

How did the image of Bharat-Mata acquiring different forms as it was painted by different artists help in arousing the feeling of nationalism among the Indians ? Explain.

24. भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस उत्पन्न करने के महत्त्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए । $5\times1=5$

Explain any five points of significance of biogas generation in the rural areas of India.

25. आरंभिक वर्षों में सूती वस्त्र उद्योग कपास उत्पादन क्षेत्र तक ही क्यों सीमित था ? किन्हीं पाँच कारकों को स्पष्ट कीजिए । $5\times1=5$

Why was cotton textile industry concentrated in the cotton growing belt in the early years ? Explain any five factors.

26. राजनीतिक दलों के किन्हीं पाँच कार्यों का वर्णन कीजिए । $5\times1=5$

Describe any five functions of political parties.

27. "लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अन्य किसी शासन व्यवस्था से बेहतर है ।" पाँच तर्कों सहित इस कथन की समीक्षा कीजिए । $5\times1=5$

"Democratic form of government is better than any other form of government." Justify the statement with five arguments.

28. साख के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों में अन्तर स्पष्ट कीजिए । अनौपचारिक स्रोतों से ऋण लेने वालों की समस्याओं की व्याख्या कीजिए । $5\times1=5$

Differentiate between formal and informal sources of credit. Explain the problems faced by borrowers of loans from informal sources.

29. वैश्वीकरण के किन्हीं पाँच सकारात्मक प्रभावों की व्याख्या कीजिए । $5\times1=5$

Explain any five positive impacts of globalization.

30. (30.1) दो लक्षण A और B, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान जहाँ सन् 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जो नील की खेती करने वाले किसानों के आन्दोलन से सम्बन्धित है ।

(30.2) निम्नलिखित लक्षणों को भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) रावत भाटा – आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(ii) मुर्शिदाबाद – रेशम वस्त्र केन्द्र

(iii) इन्दौर – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(30.1) Two features A and B, are marked in the political outline map of **India** (on page 15). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place where the Indian National Congress Session was held in 1927.

B. A place associated with the movement of Indigo Planters.

(30.2) On the same political outline map of India, locate and label the following items with appropriate symbols :

(i) Rawat Bhata – A nuclear power plant

(ii) Murshidabad – A silk textile centre

(iii) Indore – A software technology park

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :*

(30.1) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(30.2) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था ।

(30.3) रावत भाटा आण्विक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.4) मुर्शिदाबाद रेशम वस्त्र केन्द्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.5) उस राज्य का नाम बताइए, जहाँ इन्दौर सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । *5×1=5*

(30.1) Name the place, where the Indian National Congress Session was held in December 1920.

(30.2) Name the place, where the movement of Indigo Planters was started.

(30.3) In which state is Rawat Bhata nuclear power plant located ?

(30.4) In which state is Murshidabad silk textile centre located ?

(30.5) Name the state, where Indore software technology park is located.

For question no. 30.1, 30.2

प्रश्न सं. 30.1, 30.2 के लिए

**Outline Map of India (Political)**

**भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)**

